Helpline 1064

94135-02834

कार्यालय महानिदेशक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो

(जनसम्पर्क प्रकोष्ठ)

प्रेस नोट

- **चुरू में ग्राम पंचायत खेजड़ा दिखणादा पंचायत समिति सरदारशहर जिला चुरू का कनिष्ठ सहायक 2,000/– रूपये रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार।**

जयपुर, 24 फरवरी सोमवार। एसीबी मुख्यालय के निर्देश पर ए.सी.बी. चौकी चुरू द्वारा आज कार्यवाही करतें हुए श्री रणजीत सिंह कनिष्ठ सहायक ग्राम पंचायत खेजड़ा दिखणादा पंचायत समिति सरदारशहर जिला चुरू को 2,000/– **रूपये** की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक पुलिस श्री डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि ए.सी.बी. चौकी चुरू कों एक शिकायत इस आशय की मिली की परिवादी की पत्नी का नाम प्रधानमंत्री आवास योजना में आवास हेतु वर्ष 2018 की चयनित सूची में पात्र आवेदकों में था पीएम आवास योजना की सूची के अनुसार परिवादी की पत्नी के नाम मकान स्वीकृति एवं जीओ टैग प्रक्रिया करने बाबत परिवादी से आरोपी श्री रणजीत सिंह कनिष्ठ सहायक द्वारा 4,000/– रूपये की रिश्वत मांग कर परेशान किया जा रहा है।

जिस पर एसीबी **के उप महानिरीक्षक पुलिस–तृतीय श्री राजेश सिंह** के सुपरविजन में ए.सी.बी. चौकी चुरू के **उप अधीक्षक पुलिस श्री शब्बीर खान** के नेतृत्व में **पुलिस निरीक्षक श्री महेन्द्र कुमार** द्वारा मय टीम के ट्रेप कार्यवाही करते हुए आरोपी श्री रणजीत सिंह कनिष्ठ सहायक को पंचायत समिति सरदारशहर जिला चुरू मे परिवादी से 2,000/– रूपये रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है। रिश्वत राशि 2,000/– रूपये आरोपी के कब्जे से बरामद किये जा चुके है।

एसीबी की **अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस श्रीमति स्मिता श्रीवास्तव** के सुपरविजन में आरोपी से पूछताछ तथा कार्यवाही जारी है। एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जायेगा।